# देश की महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपना परचम फहरा रही हैं : डॉ. आर्तबन्धु साहू

- महाविद्यालय की दो मेधावी बालिका कोमल देपावत एवं प्रियंका भारद्वाज को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई
- एनआरसीसी में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया

**बीकानेर**, (कासं)। भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान की राजस्थान प्रकल्प की प्रमुख रही डॉ. मीना आसोपा को आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू द्वारा की गई। इस अवसर पर राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर की 98 स्नातक स्तर की छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइडस तथा कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने ऑनलाइन-ऑफलाइन रूप से शिरकत की। मुख्य अतिथि के रूप डॉ. मीना आसोपा ने सर्वप्रथम बालिकाओं एवं केन्द्र को इस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बालिका दिवस मनाने का मुख्य प्रयोजन हमारी बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना है तथा विविध क्षेत्रों में फलीभूत भी हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारी सामाजिक व्यवस्था ही कुछ इस प्रकार बनी हुई है कि हर कार्य में पुरुष प्रधान समाज को तरजीह दिया जाता है। यह मानसिकता अब बदली जानी चाहिए ताकि हमारा राष्ट्र तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर हो सके। उन्होंने भारत में लिंगानुपात, महिलाओं से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, उनमें नेतृत्व गुणों के विकास आदि पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के लिए भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, धनलक्ष्मी योजना, उज्ज्वला योजना, महिला स्वाभिमान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, सुरक्षित मातृत्व अभियान, स्टेंडअप स्टार्टअप योजना आदि की विस्तृत में जानकारी भी दी।

इस अवसर पर केन्द्र निदेशक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. आर्तबन्धु साहू ने बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शुभ संकेत हैं कि देश की महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपना परचम फहरा रही हैं तथा विषम क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए बुंदलियों को छू रही हैं। डॉ. साहू ने महिला एवं गर्ल शब्द को रेखांकित करते हुए वैधानिक रूप में मातृशक्ति की अनिवार्यता को उजागर किया। उन्होंने देश के अलग-2 राज्यों में महिलाओं की संख्या आदि पर बात करते हुए सोच में परिवर्तन लाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर निदेशक ने महिलाओं की पशुपालन कृषि के क्षेत्र में सहभागिता एवं केन्द्र की अनुसंधान उपलब्धियों एवं ऊंटनी के दूध की गुणवत्ता के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. के. सावल एवं डॉ. सुमन्त व्यास द्वारा भी महिलाओं की अलग-2 क्षेत्रों में हो रही प्रगति संबंधी विचार रखे गए।

इस दौरान राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर की एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) अनिला पुरोहित, डॉ. सत्यनारायण जाटोलिया ने महाविद्यालय की छात्राओं से जुड़ी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। केन्द्र के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से सोनू शिवा, सुनीता गोयल, नीतू आचार्य आदि ने भी शिरकत की।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बसंती ज्योत्सना, वैज्ञानिक ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। धन्यवाद केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. शान्तनु रक्षित द्वारा दिया गया। इस अवसर पर केन्द्र द्वारा महाविद्यालय की दो मेधावी बालिकाओं कु. कोमल देपावत एवं कु. प्रियंका भारद्वाज को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। पधारीं मातृशक्ति एवं कॉलेज बालिकाओं को केन्द्र के उष्ट्र संग्रहालय, उष्ट्र डेयरी, उष्ट्र बाड़ों एवं अन्य पर्यटनीय गतिविधियों का भ्रमण करवाया गया तथा उन्हें व्यावहारिक जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय 'स्कूल ऑफ लॉ' में बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर वी.के. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में बालिकाओं को बेहतरीन शिक्षा, सुरक्षित माहौल और स्वावलम्बन के विशेष अवसर दिए जायेंगे। जिससे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा सफल हो।



राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर केन्द्र के निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू एवं 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान की प्रमुख रही डॉ. मीना आसोपा ने मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया।

## कोविड वैक्सीनेशन का सीएमएचओ ने निरीक्षण किया

**श्रीगंगानगर**, (कासं)। स्कूलों में आ रहे कोविड मरीजों एवं कोविड वैक्सीनेशन की दूसरी डोज को लेकर सीएमएचओ डॉ. गिरधारी लाल मेहरड़ा ने सोमवार को विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों व ग्रामीण एरिया का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने जिला हॉस्पीटल स्थित कोविड लैब का भी आकस्मिक निरीक्षण कर सैम्पल जांच की व्यवस्थाएं देखी।

उन्होंने आमजन से आव्हान किया कि वे जल्द से जल्द दूसरी डोज लगवाएं। सीएमएचओ डॉ. गिरधारी लाल मेहरड़ा ने बताया कि जिले के कुछ स्कूलों में बच्चे पॉजिटिव आ रहे हैं, जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

पाबंद किया गया है कि जहां भी बच्चे पॉजिटिव आएं वहां आवश्यक गतिविधियां करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही संबंधित संस्थान के स्टाफ व संपर्क में आए अन्य बच्चों की सैंपलिंग की जाए। उन्होंने कहा कि परिजनों को भी चाहिए कि वे बच्चों को स्कूल भेजते समय मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करने के लिए प्रेरित करें।

वहीं स्वयं एवं 15 साल से ऊपर वाले बच्चों को कोविड वैक्सीनेशन लगवाएं। कोविड वैक्सीनेशन की दूसरी डोज को लेकर उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के समस्त नागरिकों को जागरूक कर वैक्सीनेशन लगवाएं।

## सार-समाचार

### शिष्टमंडल कलेक्टर से मिला



**बीकानेर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) के प्रतिनिधिमंडल ने संरक्षक मोडाराम कड़ेला एवं प्रदेश महामंत्री सुरेश देशबंधु के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से शिष्टाचार मुलाकात की। संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहितास कांटिया के अनुसार राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) के पदधिकारियों द्वारा नवपदस्थापित जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल का मेवाड़ की पगड़ी पहनाकर माला पहनाकर छोटी काशी बीकानेर की संस्कृति के अनुरूप आदर सत्कार किया गया। संगठन के संरक्षक एवं पूर्व महामंत्री मोडाराम कड़ेला, निदेशालय महामंत्री भगवान सहाय मीणा ने गुलदस्ता भेंट कर जिला कलेक्टर का अभिनंदन करते हुए बीकानेर में संगठन की पृष्ठभूमि पर चर्चा की। जिला कलेक्टर ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए सभी शिक्षकों से परिचय किया एवं धन्यवाद दिया। राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) के अभिनंदन में जिलाअध्यक्ष भंवरलाल कोलासर, दीनदयाल जनागल, बाबूलाल पन्नू, चेतराम बालान, राजेश सांखला, साजिद अहमद एवं संगठन के कई शिक्षकगण मौजूद थे।

### जमना बारूपाल को श्रद्धांजलि दी



**बीकानेर**, (कासं)। पूर्व राज्यसभा सांसद जमुना बारूपाल के निधन पर राजस्थान मेघवाल परिषद प्रदेश की टीम ने उनके निवास स्थान लक्ष्मी निवास रथ थाना बीकानेर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मूलाराम मेघवाल ने बताया कि जमुना बारूपाल का बीकानेर संभाग से हमेशा जमीनी जुड़ाव रहा है। उनका राजनीति के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी किये गए योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। उनके निधन से बीकानेर संभाग ही नहीं पूरे प्रदेश को बहुत बड़ी क्षति हुई है। राजस्थान मेघवाल परिषद की टीम जिसमें प्रदेश अध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, जेठाराम बारूपाल कोषाध्यक्ष, डूंगरराम श्रीरामसर संगठन मंत्री, भगाराम शार्दुल शिक्षाविद, लालचंद लूणा, एडवोकेट जोगेंद्र जोईया, एडवोकेट मनोज जनागल, एडवोकेट वीरबहादुर उदयरामसर, बाबूलाल हाटीला इत्यादि ने भी जमुना बारूपाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके परिजनों को सांत्वना एवं दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

### भैराराम के घर जाकर ढांढस बंधाया



**बीकानेर**, (कासं)। आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने वयोवृद्ध समाजसेवी भेराराम कांटिया ठेकेदार झझू कोलायत निधन के पर उनके निवास स्थान पर पंहुचे। मेघवाल ने कांटिया के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संवेदना व्यक्त कर परिवारजनों को सांत्वना दी। मेघवाल ने कहा की भैराराम ने अपने जीवन मे सामाजिक आर्थिक व राजनैतिक रूप से संघर्ष किया। उनकी समाज सेवा में हमेशा अग्रणी भूमिका रही। इस अवसर पर राजेन्द्र बापेऊ, गणेश सोलंकी सरपंच लूनकरणसर, सुरेश देशबन्धु, दीनदयाल जनागल, एडवोकेट के. के. गोयल, रोहितास कांटिया, जगदीश खिंखनिया, सागरमल, महेन्द्र सियाना, हनुमान राम सियाना, दुर्गाराम खारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मिड-डे-मिल का गेहूं-चावल चोरी

**बीकानेर**, (कासं)। जिले के लूणकरनसर में एक सरकारी स्कूल में बच्चों के मिड-डे- मिल के लिए रखा गेहूं और चावल चोरी हो गया है। चोर यहां से 50-50 किलो के कट्टे उठाकर ले गए। स्कूल प्रिंसिपल ने पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। लूणकरनसर के उच्छंगदेसर गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल में बच्चों के मिड- डे- मिल के लिए गेहूं और चावल एक कमरे में रखे हुए थे। यहां पर 21 जनवरी तक सारा सामान पड़ा था, लेकिन इसके बाद से यह सामान नहीं मिल रहा है। जिस कमरे में मिड-डे- मिल का सामान रखा था। वहां से गेहूं की 3 बोरी और चावल की 4 बोरी गायब है। 150 किलो गेहूं और 200 किलो चावल 21 जनवरी के बाद से चोरी हुआ है। स्कूल प्रिंसिपल शोभा सुथार ने इसको लेकर मामला थाने में दर्ज कराया है, जिसकी अब जांच की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को भी देखा है। दरअसल कोरोना के कारण स्कूलों में छुट्टी होने से पिछले कई दिनों से मिड- डे- मिल बना ही नहीं है, जिसके कारण गेहूं और चावल का उपयोग नहीं हो रहा। जिले के अधिकांश स्कूलों में बड़ी मात्रा में खाद्यान्न पड़ा है, जिसकी सुरक्षा करना स्कूल प्रशासन के लिए मुश्किल हो रहा है।

# कलेक्टर ने रेलवे फाटकों की समस्या के बारे में जाना

- कलेक्टर अधिकारियों के साथ सिटी राउंड पर निकले
- सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए

**बीकानेर**, (कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सोमवार को नगर विकास न्यास, नगर निगम और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सिटी राउंड लिया। रेलवे फाटकों की समस्या के बारे में जाना और इनके समाधान की संभावनाओं पर चर्चा की।

नगर निगम के वल्लभ गार्डन स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा डम्पिंग यार्ड का निरीक्षण किया। शहर की सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार के निर्देश दिए तथा कहा कि इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही आरयूआइडीपी द्वारा किए जा रहे सीवरेज कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने अलख सागर रोड से सांखला फाटक और कोटगेट रेलवे फाटक तक पैदल चलकर पूरी स्थिति का जायजा लिया।

रानी बाजार रेलवे फाटक पर बनने वाले रेलवे अंडरब्रिज का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर निगम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया तथा शोधन की एसआरबी टैक्नोलॉजी के बारे में जाना। यहां प्रयोगशाला को देखा तथा गंदे पानी की टेस्टिंग मौके पर करवाकर शोधित पानी की क्वालिटी की जानकारी ली।

इसके बाद जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली तथा शहर की सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सफाई कर्मी का ड्यूटी पाइंट निर्धारित किया जाए तथा संबंधित क्षेत्र में सफाई कर्मी का नाम एवं मोबाइल नंबर लिखवाएं। घर-घर कचरा संग्रहण के दौरान सूखा और गीला कचरा अलग-अलग संग्रहित किया जाए। इसके लिए जागरुकता की गतिविधियां संचालित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि शहर के विद्युत पोल की नंबरिंग करवाई जाए तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी लाइट बंद नहीं रहें। जिला कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए टीमें गठित की जाएं तथा नियमित रूप से इसका प्रभावी पर्यवेक्षण किया जाए। उन्होंने सफाई की वर्तमान व्यवस्था पर असंतोष जताया तथा निगम के संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए इसमें और अधिक सुधार के निर्देश दिए।

## विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताया

**गजसिंहपुर**, (कासं)। परमानन्द डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया।

एकेडमिक डायरेक्टर विक्रम सहगल, प्राचार्य डॉ. एस .सी. गुप्ता व उप प्राचार्य विजय सिंघल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वयंसेवक छात्र नवीन गुर्जर, उमेश शर्मा, दीपक, पंकज, आमिर, किरण बाला व करुणा भादू ने राष्ट्र गान व लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य एस. सी. गुप्ता ने स्वच्छ भारत अभियान व आजादी के अमृत महोत्सव के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया व जीवन में स्वच्छता का महत्व बताया। शिविर के अन्तर्गत स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर व कक्षों की सफाई की गई। कार्यक्रम प्रभारी हनुमान चौहान व ललित बागड़ी, अरुण बेलवंशी, प्रोफेसरों व स्वयंसेवकों ने शिविर में भाग लिया।

# बोस जयंती पर सुरेन्द्र भट्टड मंच गौरव सम्मान से सम्मानित

- अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 38 वें स्थापना दिवस पर

**नोखा**, (कासं)। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 38 वें स्थापना दिवस पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर संपूर्ण राष्ट्र में मंच द्वारा विशेष सम्मान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर मंच के प्रति अपना समर्पण व सनिष्ठ कर्मशीलता के साथ संगठन को उतरोत्तर सेवा के आयाम देने वाले पूर्व व वर्तमान प्रांतीय व राष्ट्रीय पदाधिकारियों को मंच गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में मंच की नोखा शाखा के सदस्य, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष व वर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन- 3 के सुरेन्द्र भट्टड का मंच साथियों ने उनके घर पर स्वागत किया तथा मंच गौरव सम्मान से सम्मानित किया। साथ ही सलोनी भट्टड का भी स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि सुरेन्द्र भट्टड का पूरा परिवार जन सेवा के लिए सदैव समर्पित रहा है। भट्टड ने मंच के विभिन्न पदों पर रहते हुए राष्ट्रीय प्रकल्पों के माध्यम से अनेक जन सेवा कार्य किए। मंच को सांगठनिक रूप से सबल व सशक्त बनाने में भट्टड का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

प्रांत की सभी शाखाओं में अपनी कार्यकुशलता व सूझबूझ से पारस्परिक समन्वय स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका रही। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया, पूर्व अध्यक्ष रवि अग्रवाल, उद्यमिता फोरम के चेयरमैन केदार गुप्ता व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ काजल वर्मा के सेवामय नेतृत्व में मंच जन सेवा के क्षेत्र में अभिनव कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# गणतंत्र दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास में परेड़ की सलामी ली

**बीकानेर**, (कासं)। गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास सोमवार को डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने ध्वजारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण करते हुए मार्च पास्ट की सलामी ली।

परेड का नेतृत्व परेड कमांडर अरविंद विश्नोई ने किया। परेड में आरएसी की तीसरी व 10 वीं बटालियन तथा राजस्थान पुलिस की महिला एवं पुरूष की टुकड़ी ने भागीदारी निभाई। इस दौरान शारीरिक शिक्षकों एवं युवा योग साधकों द्वारा योग तथा सूरज राणा द्वारा मोटर साइकिल करतब का प्रदर्शन किया गया। महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सामूहिक गीत तथा स्काउट गाइड के रोवर रेंजर द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) अरुण प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, नगर निगम आयुक्त पंकज शर्मा, उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार बिश्नोई, तहसीलदार कालूराम पड़िहार, सीओ स्काउट जसवंत सिंह राजपुरोहित आदि मौजूद थे। संचालन संजय पुरोहित ने किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा भी लिया।

## हनुमानगढ़ में 37 नए करोना संक्रमित मिले

**हनुमानगढ़**, (कासं)। जिले में सोमवार को करोना के 37 नए मरीज मिले है। संक्रमितों की कम संख्या की वजह रविवार को लिए गए सैंपल की संख्या में कमी है।

रविवार को 134 सैंपल लिए गए थे। इनमें से 37 की रिपोर्ट पॉजिटिव है, जबकि निगेटिव वालों की संख्या महज 28 ही है। तीन रिपीट सैंपल मांगे गए है, जबकि 66 सैंपल जांच के लिए नहीं पहुंचे। इस लिहाज से पॉजीटिविटी रेट चिंता का विषय बना हुआ है। स्थिति यह है कि जांचे गए सैंपल में पॉजिटिव की संख्या निगेटिव से अधिक है। इसके अलावा सैंपल की कम संख्या के चलते संक्रमितों की संख्या कम आई है। पिछले कुछ दिनों से करोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय बनी हुई थी।

# बीकानेर में संख्या घटी, 104 नये करोना पॉजिटिव मिले

- कमी के बावजूद कोविड लक्षण वाले बुखार पीड़ितों की संख्या में कोई कमी नहीं है

**बीकानेर**, (कासं)। जिले में कोरोना रोगियों की संख्या में कमी आई है। सोमवार को करोना रोगियों की संख्या घटकर 104 पॉजिटिव तक आ गई। हालांकि आ रही कमी के बावजूद कोविड लक्षण वाले बुखार पीड़ितों की संख्या में कोई कमी नहीं है।

शहर की डिस्पेंसरी में रेपिड टेस्ट किए जा रहे हैं, जिसमें पॉजिटिव होने के बाद भी रोगी को सूचना नहीं हो रही है। हालांकि हेल्थ डिपार्टमेंट का कहना है कि रेपिड टेस्ट भी न सिर्फ गिनती में आ रहे हैं बल्कि पॉजिटिव को सूचना भी दी जा रही है।

बीकानेर के अधिकांश डिस्पेंसरी में इन दिनों रेपिड टेस्ट पर जोर है। करोना के सामान्य लक्षण होने पर रेपिड एंटीजन टेस्ट किया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट संबंधित को हाथों-हाथ बता दी जाती है। हेल्थ डिपार्टमेंट का कहना है कि महज आधे घंटे में आने वाली ये रिपोर्ट अगर नेगेटिव है तो सूचना नहीं दी जाती है, लेकिन पॉजिटिव है तो बताया जाता है।

वहीं रोगियों का कहना है कि ऐसा नहीं हो रहा है। महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट रजिस्ट्रार गिरीराज हर्ष का कहना है कि उनका रेपिड एंटीजन टेस्ट करने के बाद रिपोर्ट नहीं आई। पता करने पर आला अधिकारियों ने कहा कि वो नेगेटिव है, इसलिए रिपोर्ट नहीं आई। ऐसे में उन्हें बाहर घूमने की छूट भी दी गई। देर शाम जब उन्होंने अपने स्तर पर रिपोर्ट का पता किया तो पता चला कि वो पॉजिटिव है। इसके बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट किया। इतना ही नहीं दवा भी अस्पताल की ओर से नहीं दी गई। उन्होंने अपने स्तर पर ही दवा मंगवाई। इसी तरह के कई अन्य केस भी है, जिसमें रेपिड एंटीजन टेस्ट की गिनती नहीं होने का दावा किया जा रहा है। उधर, सीएमएचओ डॉ. बीएल मीणा का कहना है कि रेपिड एंटीजन टेस्ट की न सिर्फ गिनती हो रही है बल्कि पॉजिटिव आने पर रोगियों को दवा देने व आइसोलेट करने का काम हो रहा है।

# बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता के डबल्स में वंशिका व अदिति की टीम विजेता रही

- एन. एस. एस. शिविर में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

**बीकानेर**, (कासं)। महाविद्यालय की रासेयो की दोनों इकाईयों के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन प्रार्थना के बाद प्रथम सत्र में शुरूआत योगाभ्यास से की गई।

श्रमदान कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय में रासेयो की दोनों इकाईयों के स्वयंसेवकों के द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत तथा टीम स्पर्धा के मुकाबले हुए। इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने इनडोर खेल प्रतियोगिताओं कैरम, चैस, खो- खो में भी हिस्सा लिया। बैडमिंटन पुरूष प्रतियोगिता के डबल्स में युवराज रांकावत तथा नवनीत व्यास की टीम विजेता रही। बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता के डबल्स में वंशिका यादव तथा अदिति घोषाल की टीम विजेता रही।

स्वयंसेवक युवराज तथा नवनीत की टीम ने राहुल चायल तथा सुनील सोनी की टीम को सीधे मुकाबले में पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। इसी क्रम में महिला बैडमिंटन मुकाबलों में वंशिका यादव तथा अदिति घोषाल की टीम ने महिमा तथा भावना की टीम को हराकर महिला बैडमिंटन मुकाबले का खिताब जीता। टेबल टेनिस के व्यक्तिगत स्पर्धा मुकाबलों में स्वयंसेवक राहुल सिंह विजेता रहे। राहुल सिंह ने राहुल चायल को हराकर टेबल टेनिस मुकाबला में जीत हांसिल की।

रासेयो विशेष शिविर के छठे दिवस में आयोजित हुई इन प्रतियोगिताओं में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन किया।




बीकानेर महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस शिविर के छठे दिन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## मतदाता दिवस पर 42 कार्मिक सम्मानित होंगे

**बीकानेर**, (कासं)। बारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलदेव राम धोजक ने बताया कि प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जायेगी। इसके बाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम पर होगा। इस दौरान श्रीडूंगरगढ़ की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री दिव्या तथा बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ मनीष ठाकुर को सम्मानित किया जायेगा।

इसके बाद दोपहर 1 बजे जिला स्तरीय समारोह जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल के मुख्य आतिथ्य में होगा। वर्चुअल कार्यक्रम में जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों के दो-दो बीएलओ, एक-एक मतदाता प्रहरी, वोटर मित्र, चुनाव कार्मिक सहित कुल 42 कार्मिकों को सम्मानित किया जायेगा।

**परिवर्तन बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड– परिसमापन में की ई–नीलामी प्रक्रिया का स्थगन**

यह सूचित किया जाता है कि परिवर्तन बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड की ई–नीलामी संभावित खरीदारों से प्राप्त होने वाले अधिक ब्याज को देखते हुए 25 जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2022 तक पुनर्निर्धारित की जा रही है। ई–नीलामी का कार्यक्रम इस प्रकार है:

**"ई–नीलामी की तारीख और समय: 31 जनवरी, 2022 दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)"**

इसके अलावा, ईएमडी के साथ भेजने के लिए ईएमडी और अन्य दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि इस प्रकार है:

**"ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि : 29.01.2022 को दिन के अंत तक"**

कॉर्पोरेट देनदार के सभी हितधारकों को उच्चतम रिटर्न प्राप्त करने के उद्देश्य से ई–नीलामी को पुनर्निर्धारित किया गया है।

**दीपिका भुगरा प्रसाद**
**परिसमापक, परिवर्तन बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड के मामले में**
आईबीबीआई पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-003/IP-N000110/2017-2018/11186)
पता: ई–10ए, कैलाश कॉलोनी, ग्रेटर कैलाश – I, नई दिल्ली –110048
ईमेल: assetsale1@aaainsolvency.in, deepika.bhugra@gmail.com, parivartan@aaainsolvency.com
संपर्क व्यक्ति: श्री वसीम और पुनीत सचदेवा: +91-8800865284

दिनांक : 24.01.2022
स्थान : नई दिल्ली